प्रेस नोट दिनाँक-16.03.2023

(1). आज दिनाँक-16.03.2023 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट महोदया श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु, क्षेत्राधिकारीगण के नेतृत्व में थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया । पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरकारी शराब की दुकानों को चेक किया गया एवं 02/04 पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी।

(2). आज दिनांक 16.03.2023 को पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद चित्रकूट श्रीमती वृन्दा शुक्ला के कुशल निर्देशन में महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा एवं विश्वास का वातावरण बनाये रखने के उद्देश्य से चलाये जा रहे अभियान "मिशन शक्ति" के तहत जनपद के विभिन्न थानों की एण्टी रोमियो टीमों ने विभिन्न मन्दिरों, बाजार, स्कूलों, बस स्टैण्ड, ग्रामों इत्यादि स्थानों पर भ्रमण कर चेकिंग की गयी एवं छात्राओं/महिलाओं को उनके सुरक्षार्थ व सहायता हेतु शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों जैसेः- 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइऩ, 102-स्वास्थ्य सेवा तथा थानो पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तार से जानकारी देकर उन्हे जागरूक किया गया तथा महिलाओं/बालिकाओं को।जागरूकता पम्पलेट्स वितरित किये गए एवं सार्वजनिक स्थानों एवं चस्पा किये गए।

(3). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देशन में अपराध अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चौकी प्रभारी सीतापुर श्री प्रवीण कुमार सिंह तथा उनकी टीम द्वारा अभियुक्त 1. रामगोपाल उर्फ छोटू पुत्र राजाभइया निवासी बरमपुर थाना कोतवाली कर्वी 2. पंकज पाण्डेय पुत्र बालकृष्ण पाण्डेय निवासी बिहारा थाना कोतवाली कर्वी 3. विनय पटेल पुत्र छोटेलाल निवासी मनोहरगंज थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को ताश के पत्तों पर हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से मालफड़ 2280/- रुपये व 52 अदद ताश के पत्ते जामातलाशी से 1000/- रुपये बरामद हुआ । अभियुक्तों के विरुद्ध थाना कोतवाली कर्वी में धारा 13 जुआ अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

बरामदगीः-

1. मालफड़ 2280/- रुपये व 52 अदद ताश के पत्ते
2. जामातलाशी से 1000/- रुपये

गिरफ्तारी करने वाली टीमः-

1. चौकी प्रभारी सीतापुर श्री प्रवीण कुमार सिंह
2. आरक्षी शिवम मिश्रा
3. आरक्षी अनुज यादव
4. आरक्षी मंगला प्रसाद
5. आरक्षी रविन्द्र राठौर

(4). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देशन में मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री दीपेद्र सिंह के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री विनय विक्रम सिंह तथा उनकी टीम द्वारा अभियुक्त प्रदीप कुमार पुत्र प्रेमचन्द्र जायसवाल निवासी कोलगदहिया थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को 400 ग्राम अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना कोतवाली कर्वी में धारा 08/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

<u>बरामदगीः-</u>

400 ग्राम अवैध गांजा

<u>गिरफ्तारी करने वाली टीमः-</u>

1. उ0नि0 श्री विनय विक्रम सिंह थाना कोतवाली कर्वी
2. आरक्षी गोलू भार्गव

(5). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देशन में अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक मऊ श्री राजीव कुमार सिंह के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री विपिन कुमार मिश्रा तथा उनकी टीम द्वारा अभियुक्त मनीष कुमार हरिजन पुत्र हीरालाल निवासी गोबरौल थाना राजापुर जनपद चित्रकूट को 14 अदद बीयर की केन साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना मऊ में धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

<u>बरामदगीः-</u>

14 अदद बीयर की केन

<u>गिरफ्तारी करने वाली टीमः-</u>

1. उ0नि0 श्री विपिन कुमार मिश्रा थाना मऊ
2. आरक्षी जुबैर अली

(6). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देशन में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष भरतकूप श्री सूबेदार बिन्द के मार्गदर्शन में वरि0उ0नि0 श्री यदुवीर सिंह तथा उनके हमराही द्वारा मु0नं0 3713/17 धारा 379/411 भादवि0 व 04/21 खनिज अधिनियम के वारण्टी अभियुक्त विनीत कुमार प्यासी उर्फ दादू पुत्र संतोष कुमार निवासी पुनाहुर थाना बिसंडा जनपद बांदा हाल पता अकबरपुर पहरा रोड थाना भरतकूप जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किय गया।

<u>गिरफ्तारी करने वाली टीमः-</u>

1. वरि0उ0नि0 श्री यदुवीर सिंह थाना भरतकूप
2. आरक्षी अजीजुद्दीन

(7). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देशन में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष सरधुवा श्री प्रवीण कुमार सिंह मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री अनिल कुमार गुप्ता तथा उनके हमराही द्वारा मु0नं0 67/22 धारा 379/411 भादवि0 व 04/21 खनिज अधिनियम व

3/4 लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम के वारण्टी अभियुक्त सौखी लाल उर्फ सौखी पुत्र हजारी प्रसाद निवासी औदहा थाना सरधुवा जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किय गया।

गिरफ्तारी करने वाली टीमः-

1. उ0नि0 श्री अनिल कुमार गुप्ता थाना सरधुवा
2. आरक्षी महेन्द्र कुमार